MPSACS

सत्यमेव जयते
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

NACO
National AIDS Control Organisation
India's Voice against AIDS
Ministry of Health & Family Welfare, Government of India
www.naco.gov.in

# Intensified IEC Campaign 3.0

## ( सघन जागरूकता अभियान )

12 अगस्त 2026 से 12. अक्टूबर 2026

## मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति ,भोपाल

# Intensified IEC Campaign :Background and Evolution

हेल्थ सर्विस के बारे में लोगों की जानकारी और मांग बढ़ाने के लिए, NACO ने पूरे देश में 'इंटेंसिफाइड IEC कैंपेन' (IIC) शुरू किया ताकि 2030 तक एड्स को एक पब्लिक हेल्थ खतरे के तौर पर खत्म किया जा सके।

**कैंपेन की समय-सीमा:**

- 2024: 12 अगस्त (अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस) को पहला राउंड शुरू किया गया।
- दो राउंड सफलतापूर्वक पूरे किए गए, जिनमें 92,838 गांवों में 1.97 करोड़ से ज़्यादा लोगों तक पहुँच बनाई गई।
- 2026-27: नए और असरदार तरीकों और उच्च-स्तरीय राजनीतिक प्रतिबद्धता पर खास ध्यान देते हुए तीसरा राउंड शुरू किया जा रहा है।

# State achievements 2025-26

ग्राम स्तरीय बैठकें – 11387/ 10000

विद्यालयों की संख्या - 4687/4104

महाविद्यालयों की संख्या – 800 (NON RRC)/ 702

कुल घरो की संख्या (Door to door)- 22646/ 0

VHND- 6019/ 1150

ग्राम सभा- 4733/ 1000

Special camps - 935/ 0

Rally- 349/ 30

लोक कला प्रस्तुति- 230/ 200

फ़्लैश मॉब – 5/ 5

# State Targets of IIC 2026

ग्राम स्तरीय बैठकें – 8000

विद्यालयों की संख्या - 4641

महाविद्यालयों की संख्या – 800 (NON RRC)

जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर – 20

कुल घरो की संख्या (Door to door)- 40,000

VHND- 500

ग्राम सभा- 500

ब्रेकफ्री के माध्यम से सेल्फ रिस्क असेसमेंट – 6000

लोक कला प्रस्तुति- 300

फ़्लैश मॉब – 10

Rally- 55

# प्रारंभिक तैयारी

## जिला स्तरीय बैठक का आयोजनः-

सभी जिलों में अभियान की जानकारी एवं विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करने हेतु जिले स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अभियान की आवश्यकता एवं महत्व को स्पष्ट करते हुये अभियान की रूपरेखा एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जायेगी तथा जिले स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षित सहयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की जायेगीं। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम, सभी बी.एम.एच.ओ., महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत विभाग, स्कूल शिक्षा, एन.एस.एस., उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, पुलिस विभाग आदि तथा एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित एन.जी.ओ.,जनसंपर्क अधिकारी आदि सहभागिता करेगें।

## विकास खण्ड स्तर पर बैठकों का आयोजन:-

जिले स्तर की बैठक के उपरांत शीघ्र ही सभी विकास खण्ड स्तर पर बैठक एवं सघन जागरूकता अभियान के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर सभी CBMHO द्वारा एस.डी.एम. की अध्यक्षता में बैठक आयोजि कराई जायेगी, जिसमें सभी बीपीएम, बीसीएम, सेक्टर सुपरवाइजर्स एवं सीएचओ, समस्त संबंधित विभागों, संस्थाओं के अधिकारी यथा पंचायत प्रतिनिधि, एनएचएम के ब्लॉक लेवल अधिकारी, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। इस बैठक/कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स की जानकारी तथा जिले में एचआईवी संक्रमण की स्थिति तथा जोखिम के कारकों की जानकारी साझा करते हुये अभियान की आवश्यकता एवं महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु सूचित किया जायेगा।

# प्रारंभिक तैयारी

- **आईईसी सामग्री का प्रदर्शन एवं वितरण:-** समस्त जिलों को अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियों के दौरान आईईसी सामग्री वितरित करने हेतु फ्लायर / पेम्फलेट के लिए प्रति विकासखण्ड राशि रूपये 3500/- के मान से गणना कर बजट आवंटित किया गया है। इसी प्रकार सभी बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में फ्लेक्स बैनर / पोस्टर तैयार कर प्रदर्शित कराया जाना आवश्यक है। इस हेतु प्रत्येक जिले को प्रति विकासखण्ड राशि रूपये 8000/- के आधार पर गणना कर राशि स्वीकृत की गई है। कृपया जिले स्तर पर समय से आईईसी सामग्री मुद्रित कराकर प्रदर्शित कराया जाना सुनिश्चित करें। सभी संस्थाओं एवं स्थानों जहा आईईसी सामग्री प्रदर्शित की जाएगी उनके फोटो स्थानों की सूची के साथ आवश्यक रूप से साझा किये जाएं। भण्डार क्रय नियमों के तहत कार्य कराया जाये। जिले स्तर पर कुछ प्रमुख स्थानों जैसे जिला अस्पताल, जिला कलेक्टर कार्यालय, नगर निगम कार्यालय आदि मे मोड ऑफ ट्रामिशन से संबंधित बैनर तैयार कर प्रदर्शित कराएं।

- **साथ ही ए-4 आकार में सेल्फ रिस्क असेसमेंट संबंधी क्यू-आर कोड पोस्टर भी फोटोकॉपी कराकर अधिक से अधिक स्थानों, कॉलेज आदि में प्रदर्शित कराएं। सभी रेड रिबन क्लबों को आवंटित राशि के तहत उन्हें भी मोड ऑफ ट्रांसमिशन का बैनर तैयार कर महाविद्यालय के मेन गेट/ नोटिस बोर्ड के निकट प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित करें।**

- ज़िले की कार्ययोजना तैयार कर सभी संबंधितो को उनके दायित्व के बारेमें निर्देशित करना
- दैनिक रिपोर्टिंग और साप्ताहिक रिपोर्टिंग हेतु व्यवस्था

# Launching event on 12 August 26

- **अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम - समस्त 55 जिलों में दिनांक 12 अगस्त 2026 अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जावे।** जिले स्तर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, युवा संगठनों, रेड रिबन क्लब, युवा भारत, एनसीसी/एनएसएस, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता, आदि को सम्मिलित करते हुए भव्य साईकिल रैली अथवा बाइकर्स रैली आयोजित कराई जावे जो कि जिला मुख्यालय के सभी प्रमुख मार्गो एवं बाजारों में जागरूकता संदेश प्रचारित करेगी। इस हेतु संलग्न बजट सूची अनुसार संबंधित 55 जिलों को राशि रू. 10,000/- प्रति जिले के मान बजट स्वीकृत किया गया है।

# Campaign Activities (Mandatory)

| All Districts | What to do |
|---|---|
| **Village level meeting and Door to door awareness** | • जिन ग्रामो में विगत वर्ष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए उनको छोड़कर शेष ग्रामो में निर्धारित संख्या अनुसार कवरेज किया जाए \| जिस स्टाफ की ज़िम्मेदारी तय की जाए वे उस ग्राम की आशा/ ANM से समन्वय कर पूर्व से ग्रामीणो को सूचित करेंगे और उनके बीच जागरूकता संवाद करेंगे \|<br>• साथ ही प्रत्येक गाँव के कुछ परिवारों से भी मिलकर उनको भी जागरूक करेगे \| |
| **School Outreach Programme in villages** | • जिन विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है उनके प्रिंसिपल से पूर्व से समन्वय कर लें \| हाई एवं हायर सेकेंडर विद्यालयों को कवर किये जाएंगे \|<br>• RKSK, AFHCs एवं उमंग अन्तरगत भी किशोरों को जागरूक किया जाये \| |
| **Awareness programs in colleges** | • जिन महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब संचालित हैं उनको छोड़कर शेष महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करे, रेड रिबन क्लब का सहयोग लिया जा सकता है |
| **Disseminating Information on HIV & STIs at Ayushman Arogya Mandir in villages through IEC materials** | आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बैनर/ पोस्टर प्रदर्शित किये जाएँ \| यदि डिजिटल स्क्रीन या टीवी है तो उसमे भी विडियो आदि प्रदर्शित किये जा सकते हैं \| |
| | |

# Campaign Activities

- **ग्राम/शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस(VHSND/UHSND)-** चयनित जिलों में महिलाओं एवं किशोरियों तथा उनके परिवार के सदस्यों आदि के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जावें। इसमें विशेष रूप से EVTHS (Elemination of Vertical Transmission of HIV & Syphilis½से संबंधित जानकारी प्रदान की जावे। इस हेतु चयनित जिलों को प्रत्येक जिले में 25-25VHSND/UHSND हेतु संलग्न सूची अनुसार राशि रू. 25,000/- प्रति जिला बजट स्वीकृत किया गया है। इस हेतु प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र हेतु 01बैनर एवं सीएचओ / एएनएम द्वारा जागरूकता सत्र संचालित करने हेतु राशि रूपये 250/- मानदेय सहित प्रति कार्यक्रम राशि रूपये 1000/- स्वीकृत है। कार्यक्रम के उपरांत बैनर उक्त आंगनवाड़ी केंद्र में ही प्रदर्शित किये जायेंगे।
- **ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायत सदस्यों का संवेदीकरण:-** अभियान अवधि के दौरान प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 02 ग्राम सभाओं (क्रमश:15 अगस्त 2026 एवं 02 अक्टूबर 2026 ) का आयोजन किया जाएगा।
- संबंधित ग्राम की आशा, आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सीएचओ, एलडब्यूएस द्वारा पंचायत सचिवों से पूर्व से समन्वय कर एचआईवी/एड्स एवं अभियान की चर्चा हेतु एजेण्डा शामिल कराया जाना प्रस्तावित है, sताकि ग्राम सभा मे उपस्थित समुदाय को एचआईवी/एड्स के संबंध मे संवेदिकरण करते हुये अधिक से अधिक व्यक्तियों को एचआईवी जॉच कराने तथा एचआईवी संक्रमित एवं प्रभावित व्यक्तियों के प्रति लांछन एवं भेदभाव रहित वातावरण निर्माण करने हेतु एचआईवी/एड्स एक्ट 2017 की जानकारी साझा की जा सकेगी। इस हेतु चयनित जिलों को प्रत्येक जिले में 25-25 ग्राम सभाओं के संवेदीकरण हेतु संलग्न सूची अनुसार राशि रू. 25,000/- प्रति जिला बजट स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक ग्राम सभा हेतु 01 बैनर एवं सी.एच.ओ/ए.एन.एम हेतु जागरूकता सत्र संचालित करने हेतु राशि रूपये 250/- मानदेय सहित प्रति कार्यक्रम राशि रूपये 1000/- स्वीकृत है। कार्यक्रम के उपरांत बैनर उक्त पंचायत भवन में ही प्रदर्शित किये जायेंगे।

# Campaign Activities (Mandatory)

| All Districts | What to do |
|---|---|
| **Promote the Risk Assessment Tool during campaign** | **ब्रेक फ्री पोर्टल को प्रचारित किया जाए और अधिक से अधिक लोगो को सेल्फ रिस्क असेस्स्मेंट करने तथा अपनी जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करें I**<br>**यदि सम्भव हो तो CBS (कम्युनिटी बेस्ड स्क्रीनिग ) के माध्यम से स्क्रीनिंग भी करें** |
| **Health camps in District Hospitals** | प्रदेश के चयनित 20 जिला अस्पतालों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाना है। इन शिविरों के आयोजन को सफल और सार्थक बनाने हेतु शिविर का व्यापक पूर्व प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर में सहभागिता कर सकें। इन शिविरों में सभी महत्वपूर्ण जांचें की जाएंगी। साथ ही आावश्यक दवाएं भी अस्पताल द्वारा प्रदान की जाये। शिविर का उद्घाटन किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति के माध्यम से कराया जाये। शिविर में प्रदाय की गई सेवाओं की रिपोर्ट पृथक से प्रपत्र में आवश्यक रूप से दी जाना होगी। एचआईवी, सिफलिस/एसटीआई, टीबी, हेपेटाइटिस बी एवं सी सहित अन्य सभी आवश्यक जांचें शिविर में कराई जाएंगी। |
| **Door to Door Awareness by TI/ LWS** | • **शहरी/अर्द्धशहरी सघन बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर अवेयरनेस एवं सीबीएस**:- जिन जिलों में टीआई परियोजना अथवा उसकी एक्सटेंडेड यूनिट संचालित है उनमें शहरी क्षेत्र की सघन बस्तियों में तथा जिन जिलों में लिंक वर्कर स्कीम संचालित है उन जिलों में लिंक वर्कर स्कीम के द्वारा कवर किये जा रहे 100 ग्रामों को छोड़कर अन्य ग्रामों में /अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम 250 घरों में जाकर परिवार के सदस्यों को जागरूक करना होगा, आईईसी सामग्री |

# ONLINE RISK ASSESSMENT IN DISTRICTS DURING IIC 2026

- **मकसद:**
- SOCH QR कोड के ज़रिए ऑनलाइन HIV रिस्क असेसमेंट टूल का इस्तेमाल बढ़ाना।

- **उद्देश्य:**
- IIC 2026 के दौरान ऑनलाइन HIV रिस्क असेसमेंट टूल का इस्तेमाल बढ़ाना। खुद के जोखिम को समझने और सही जानकारी के साथ स्वास्थ्य सेवाएँ लेने के व्यवहार को बढ़ावा देना।
- HIV टेस्टिंग और NACP सेवाओं की मांग पैदा करना। निष्पक्ष और समान मानदंडों के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले ज़िलों और राज्यों की पहचान करना और उन्हें पुरस्कृत करना।

- **Targets are calculated based on the assigned Household target to ensur[e] equitable evaluation across Districts & States.**

| **e.g. Target for 1000 Households** | |
|---|---|
| Minimum Baseline Target (10%) | **100 Assessments** |
| Excellent Target (12%) | **120 Assessments** |
| Outstanding Target (15%) | **150 Assessments** |

**Performance Grading Scale**

| | |
|---|---|
| ≥15% | Outstanding |
| 12 – 14.9% | Excellent |
| 10 – 11.9% | Very Good |
| 7 – 9.9% | Good |
| < 7% | Needs Improvement |

# अन्य महवपूर्ण निर्देश


- **<u>राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा अभियान का थर्ड पार्टी मूल्यांकन किया जाता है अतः प्रत्येक गतिविधि प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें ताकि अभियान के बाद भी जहां जागरूकता कार्यक्रम हुए हैं वहां लोग जानकारी दे सके। विगत वर्ष मंदसौर एवं जबलपुर में टीम आई थी.</u>**
- कार्यक्रम की आवश्यकता अनुसार महत्वपूर्ण स्थानों का चयन करें, जहाँ संभव हो वहां CBS के माध्यम से स्क्रीनिंग करें ,इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प्स का आयोजन करें
- मोबिलाइजेशन फॉर एड्स सुरक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु कार्यवाहियां साथ साथ समन्वित करें जैसे नए प्रकरणों की पहचान तहा
- LFU से सम्पर्क्क करना और उन्हें उपचार पर वापस लाने का प्रयास करना

**अन्य स्थानीय गतिविधियॉ:-**

- जिला स्तर पर स्थानीय गतिविधियों के अंतर्गत रेडियो टॉक, स्थानीय चैनल/केबल, पर टॉक ऑन एड्स एवं स्क्राल आदि गतिविधियॉ आयोजित की जावें। इस हेतु अलग से कोई बजट स्वीकृत नहीं किया गया है।
- **जिले के सोशल मीडिया में अभियान संबंधी जानकारी पोस्ट करावें एवं अधिक से अधिक मीडिया कवरेज करावें।**
- जिले के विशेष समूहों जैसे पुलिस, सीआरपीएफ, आरपीएफ होमगार्ड, स्वः सहायता समूह आदि के लिए जागरूकता कार्यक्रम कराए जावें। औद्योगिक इकाइयों आदि में भी जागरूकता कार्यक्रम हेतु लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना तथा लिंक वर्कर परियोजना का सहयोग लिया जा सकता है।
- भण्डार क्रय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। उपरोक्तानुसार जिला स्तर पर अभियान के अंतर्गत होने वाली समस्त गतिविधियों की रिपोर्टिंग हेतु नोडल रिपोर्टिंग पर्सन नामांकित करते हेतु नाम, पदनाम, संपर्क नम्बर एवं ईमेल आईडी राज्य कार्यालय को भेजी जावें।

अभियान से पूर्व, अभियान के दौरान पर्याप्त मीडिया कवरेज एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जायें।

# Proposed Campaign Reporting Plan




- Periodicity – Weekly
- DISHA & DAPCU to coordinate with the concern Districts/villages to collect the information on no. of activities conducted and population reached
- On weekly basis IEC Division will submit the compiled report for perusal of leadership at NACO as per standardized template

# Role and Responsibilities

| अधिकारी | प्रमुख दायित्व |
|---|---|
| मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी | मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में ही अभियान संचालित होगा।<br>अभियान से संबंधित प्रमुख प्रशासकीय कार्य जैसे जिला स्तरीय विकासखंड स्तरीय बैठकों का आयोजन करना, उद्घाटन कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन अतिथियों का आमंत्रण आदि<br>IEC सामग्री के मुद्रण एवं वितरण, प्रदर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित कराना<br>अभियान हेतु निर्धारित ग्रामों, महाविद्यालयो, विद्यालयों, VHSND, ग्राम सभाओं आदि के लिए योजनाबद्ध रूप से जागरूकता करने हेतु स्टाफ को नामांकित करना तथा उनके आदेश आदि जारी करना<br>स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना<br>समय समय पर अभियान की प्रगति की समीक्षा करना एव सुधारात्मक कार्यवाहियां<br>मीडिया कवरेज हेतु स्टाफ को नामांकित करना, जम्सम्पर्क अधिकारी का सहयोग लेना<br>जिला नोडल अधिकारी के सहयोग से मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी उपरोक्त समस्त कार्यवाही या सुनिश्चित करेंगे |

# Documentation of Best Practices & innovations

| |
|---|
| **Success Stories Compilation:** Gather impactful success stories showcasing effective strategies and outcomes. |
| **Best Practices Catalog:** A catalog of best practices and innovative approaches adopted by states following the campaign can be created |
| **Photo-documentation:** The best practices, key activities and moments must be captured |
| **IEC Messaging Recommendations:** Based on campaign outcomes and stakeholder feedback the IEC strategies can be tweaked for more effectiveness |
| **Sustainability:** Outline strategies for sustaining momentum in the States and IEC efforts beyond the campaign period |
| **Recognition & Acknowledgement:** Recognize and acknowledge contribution of every individual and stakeholders |

# THANK YOU